

एक नजर में

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा से केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर की दिल्ली में मुलाकात



**धार।** गुरुवार को संसद भवन, नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा से केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री व धार महू लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती सावित्री ठाकु शिष्टाचार भेंट कर अपनी त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## आनंद क्लब खेल परिसर भवन के मरम्मत कार्य को लेकर,सौपा ज्ञापन,सीएमओं नें भवन परिसर का किया निरीक्षण



**कुक्षी।** नगर मध्य कचहरी चौक मे स्थित जर्जर हो रहे आनंद क्लब भवन के मरम्मत कार्य एवं शौचालय निर्माण की मांग को लेकर गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी मायाराम सोलंकी को ज्ञापन सौपा.ज्ञापन मे बताया की नगर के बीच स्थित आनंद क्लब परिसर भवन मे प्रतिदिन शारीरिक मानसिक विकास के लिए खेलो के आयोजन होते है इसमें युवक-यूवतिया सभी लोग भाग लेते है.भवन की जर्जर हो रही स्थिति के चलते खेल प्रेमी कम होते जा रहे वही शौचालय नही होने से असुविधा का सामना करना प?ता है.आनंद क्लब अध्यक्ष जगदीश मामा पाटीदार,सचिव एडवोकेट कैलाशचंद गुप्ता,वरिष्ठ समाजसेवी बालकृष्ण परसाई,नगर परिषद उपाध्यक्ष शब्बर हुसैन बोहरा,दिनेश कप्तान गंगाजलिया,पार्षद कुंदन मिस्त्री,अब्दुल शाह,शेरू ब्रजवासी आदि नें भवन के अति शीघ्र सुधार की मांग की जिससे की खेल गतिविधियां सुचारु संचालित होती रहे। क्लब सदस्यों के साथ सीएमओं नें भवन परिसर का निरक्षण कर सदस्यों को शीघ्र सुधार का आश्वसन दिया.

## भाजपा जिलाध्यक्ष के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्त दूत टीम के साथ मानव सेवा कार्य शुरुआत



**मनावर**:- भारतीय जनता पार्टी धार ग्रामीण जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में रक्तदूत टीम के साथ एक संकल्प लिया था, जो अब एक वास्तविकता बन चुका है आज इंदौर के युनिक हॉस्पिटल में 12 बच्चों को लेकर पहुंचे, जिन्हें जन्म से फूट की बीमारी (*clubfoot*) है और जिनके पैर टेड़े होते हैं.. इन बच्चों का नि:शुल्क ऑपरेशन अब यहीं किया जाएगा, ताकि वेभी सामान्य बच्चों की तरह चल सकें, खेल सकें, और जीवन को पूर्ण रूप से जी सकें इंदौर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. प्रमोद जी, पी.नीमा जी ने हमें पूर्ण रूप से आश्वासन दिया है कि जल्द ही ये बच्चे स्वस्थ होकर सामान्य जीवन जी पाएंगे इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री धार जिला प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीयजी और कलकत्ता के संगठन मंत्री, विश्व हिंदू परिषद सोहन जी सोलंकी का मुझे समर्थन, मार्गदर्शन आशीर्वाद मिला उन्हीं के मार्गदर्शन में भाजपा जिलध्यक्ष चंचल पाटीदार ने अपने जन्मदिन पर पुनीत मानव सेवा का कार्य किया उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर निशुल्क बाल विकलांगता निवारण ऑपरेशन शिविर आरोग्य भारतीय जिला कुक्षी एवं रक्त दूत टीम पश्चिम निमाड़ की इस यात्रा में सभी सदस्यों का योगदान सराहनीय है। हम मिलकर इन बच्चों के जीवन में एक नई रोशनी लाने का प्रयास कर रहे हैं।

## बछ बारस पर गाय और बछड़े की पूजा-अर्चना

इंदौर. यंग इंडिया क्लब की महिला शाखा द्वारा बच्छ बारस के उपलक्ष्य में जिंसी क्षेत्र में गाय एवं बछड़े की पूजा कर गौरक्षा का संकल्प लिया. आज के दिन चाकू से काटी हुई सब्जी या अनाज का उपयोग नहीं किया जाता है. घरों में ज्वार, बाजरा या मक्का की रोटी खाई जाती है. इस अवसर पर सामूहिक पूजन में श्रीमती मंजूलता अग्रवाल, वर्षा शर्मा, नीता, रेखा, लता, दिव्या, निकिता, सोनम, हेमलता, शोभा, ज्योति, जूली, मोना सहित अनेक महिलाओं ने गाय एवं बछड़े की पूजा की. सभी महिलाओं ने गोरक्षा का संकल्प भी व्यक्त किया और बच्छ बारस की कथा भी श्रवण की.

## बछबारस व्रत का किया उद्यापन

**इंदौर.** अग्र मिलन कपल्स ग्रुप के तत्वावधान में अग्रवाल समाज की 41 महिलाओं द्वारा बच्छबारस व्रत के सामूहिक उद्यापन का उत्सव बुधवार को छोटा बांगड़दा स्थित बाबाश्री गार्डन पर धूमधाम से मनाया गया. सुबह गाय-बछड़े एवं पाटे के पूजन की व्यवस्था की गई. संस्था के अध्यक्ष आरती-अरुण गोयल ने बताया कि इस दौरान गाय एवं बछड़े के श्रृंगार तथा वस्त्र एवं पूजन की सामग्री भी महिलाओं को भेंट की गई. समाजसेवी एवं संस्था के संरक्षक सीतादेवी-जगदीश गोयल के आतिथ्य में व्रतधारी महिलाओं ने सपरिवार बछड़े का पूजन किया. संस्थापक तृप्ति ङ्कअरुण गोयल के साथ कार्यक्रम प्रभारी ममता-विजय, चंद्रकांता-विनोद, मनोज-परिधि, सीमा-उमेश एवं मेघा-सत्यप्रकाश ने सभी मेहमानों की अगवानी की.




नव नियुक्त कांग्रेस जिला अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार जी का राजेश सिंह पटेल मित्र मंडल द्वारा त्रिमूर्ति चौराहा पर भव्य स्वागत किया गया।

# ग्रामीण अंचलों में बड़ रहा झोलाछाप डॉक्टरों का साम्राज्य

## भोली भाली जनता की जान से खिलवाड़ करता स्वास्थ्य विभाग

### बीएमओ साहब अब तो जाग जाइए







**लाबरिया** । मयंक जायसवाल। विगत दिनों कलेक्टर साहब द्वारा सरदारपुर बीएमओ को संस्पेंड का मामला सभी के सामने आया था उक्त पश्चात सरदारपुर बीएमओ पद पर प्रभारी के रूप में ताज़पोशी डॉ अरुण कुमार मोहरनी को स्वास्थ्य विभाग की कमान दी गई जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था की सरदारपुर विकास खंड में स्वास्थ्य विभाग को नई ऊर्जा का संचार के साथ स्वास्थ्य विभाग ऐक्टिव नज़र आएगा परंतु वर्तमान बीएमओ मोहरनी का क्षेत्रों में बड़ रहे अवैध क्लिनिको पर ध्यान ही नहीं है या ऐसा लगता है कि उनका अवैध क्लिनिक ,बिना डिग्रीधारी डॉक्टरों को खुला संरक्षण सा प्रतीत नज़र आता है क्योंकि उनके बीएमओ प्रभार मिलने के पश्चात से क्षेत्रों में नए क्लिनिकों का साम्राज्य बढ़ता दिखा ह।

केंद्र सरकार द्वारा एक नियम संचालित किया गया जो के नर्सिंग होम एक्ट के तहत दर्शाया गया है इस नियम के भी खुलेआम यह क्लिनिक धज्जियां उड़ाते दिख रहे हैं साथ ही इन अवैध क्लिनिको पर मरीज़ों को दवाएँ उपलब्ध करवाई जा रही है जो की चिंता का विषय है कि किसी मरीज को कैसी दवाई दे रहे यह भगवान जाने?परंतु एक और डॉ . को भगवान का रूप माना गया है मरीज़ को सुचारु रूप से स्वास्थ्य के लिए अच्छा इलाज मिल जाए इसी मंशा के साथ मरीज़ इन झोलाछापो के चंगुल में आकर अपना इलाज करवाता है

> ग्रामीण अंचलों में बिना डिग्री और बिना अनुमति के क्लिनिक संचालित हो रहेहे और बेख़ौफ़ होकर बिना डिग्रीधारी डॉ बीएमओ के सुस्त रवेये से प्रेरित होकर अवैध क्लिनिक का साम्राज्य संचालित कर रहे हे और खुद ही क्लिनिक में दवाएँ स्टोर खोल रखे हैं जहाँ समस्त प्रकार की खाँसी सर्दी व अन्य दवाइयां भी रहती है जिससे इलाज के नाम दवाओ में मोटी रक़म वसूल करते हैं देखना यह होगा कि बीएमओ साहब तत्परता से इन पर कार्रवाई कर पाते हैं या इन को बढ़ावा देते हैं ये सोचने का विषय है!



## मलेरिया ,डेंगू ,चिकनगुनिया जैसी बरसाती बीमारियों के बारे में जानकारी दी एवं बचाव के बताए उपाय

**सरदारपुर** ।शासकीय कन्या हाई स्कूल आमझेरा मे विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर तथा वर्तमान में वर्षा ऋतु प्रारंभ है। इस दौरान मच्छर जनित बीमारियों के प्रति जन- जागरूकता लाने के लिए जिला मलेरिया अधिकारी धर्मेंद्र जैन सर तथा जिला मलेरिया सलाहकार रेवचंद्र जी कटारा सर तथा मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी अरुण कुमार मोहरानी सर के नेतृत्व में वेक्टर जनित रोग नियंत्रण के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। जिसमें इन बीमारियों के बचाव,उपचार, निदान के बारे में जानकारी प्रदान की गई ।इस कार्यशाला में स्कुल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं,शिक्षक - शिक्षिकाओं को तथा अन्य स्टाफ तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। छात्र-छात्राओं, शिक्षक - शिक्षिकाओं को मलेरिया, डेंगू ,चिकनगुनिया आदि रोगों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया।तथा उनके बचाव ,उपचार, निदान के बारे में बताया गया ।साथ ही मच्छरदानी में सोने नीम की पत्तियों का धुआं करने ।किसी भी कंटेनर में जैसे - पानी की टंकी, टायर , कुलर , गमले, मटके, अन्य अनूउपयोगी सामग्री, नारियल का खोल, प्लास्टिक की बेकार बड़ी वस्तुएं, ऐसी वस्तुएं जिनमें सात दिनों से ज्यादा पानी जमा हो। उन सभी को चेक करना तथा अगर उनमें लार्वा बनता है। तो उसे नष्ट करना। लार्वा के बारे में पहचान तथा लार्वा के बारे में बताना। साथी गमबुसिया मछली के बारे में बताना जो की जैविक नियंत्रण करते हैं ।इस प्रकार बुखार आने पर स्वास्थ्य कर्मचारी या शासकीय अस्पताल जाना। साथ ही कहीं पर भी पानी जमा हो तो उसे पानी की निकासी करना पानी के गड्ढे में मिट्टी डालना या जला आइल डालना। इस दौरान स्कुल में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही स्कूल में लार्वा सर्वे भी किया गया ।इस दौरान स्कूल प्राचार्य केल उपाध्याय सर एवं शिक्षक गण तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम जिसमें एएनएम स्वाति पाटीदार, सेक्टर सुपरवाइजर संतोष परमार सर , आशा सुपरवाइजर आशा, आशा कार्यकर्ता राजू बाई । जितेन चौधरी मिलेरीया निरीक्षक उपस्थित थे ।

## मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने के लिए प्रशिक्षण



**सरदारपुर** ।नर्मदा समग्र अभियान अंतर्गत माटी गणेश सिद्ध गणेश के अंतर्गत। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सरदारपुर द्वारा मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाने के लिए प्रशिक्षण तथा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्री राजेंद्र सूरी महाविद्यालय राजगढ़ - सरदारपुर में किया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संभागीय समन्वयक श्री अमित शाह जी, जिला समन्वयक श्री नवनीत रत्नाकर जी उपस्थित रहे। मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण श्रीमती मैना मारू एवं सहयोगी द्वारा दिया गया। सभी अतिथियों ने संबोधित करते हुए मिट्टी की गणेश प्रतिमा स्थापित करने के लिए जागरूकता लाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता श्री वीरेन्द्र सिंह राणावत ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एल एस अलावा , प्रो. आर के जैन , प्रो. शिंदे जी , ब्लॉक समन्वयक श्री कमल जी मेडा, परामर्शदाता श्री आदित्य वैष्णव, लोकेश करोड़ीवाल, कमलेश मावी , रामा भूरिया, नवांकुर संस्था भरावदा से अर्जुन जी हाड़ा, हातोद नवांकुर संस्था से जीवन चौधरी, प्रस्फुटन समिति भिलखेड़ी से सचिव दिनेश जी बिलवार, रघु अम्लियार, आंबा से कैलाश डोडियार एवं सीएमसीएलडीपी स्टूडेंट्स उपस्थित हुए। आभार श्री कमल जी मेडा ने माना ।यह जानकारी मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सरदारपुर से दिनेश बिलवार द्वारा दी गई।

## 61 छात्र-छात्राओं की केरियर काउंसलिंग हुई



**धार.** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि बुधवार को शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय उर्दू स्कूल धार एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किला परिसर धार में एक केरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमे गठित पेनल के चयनित मनोवैज्ञानिक, विषयविशेषज्ञों द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के लिए केरियर काउंसलिंग कर सेशन में विद्यार्थियों को केरियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को नेशनल केरियर सर्विस पोर्टल के बारे मे विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई एवं रोजगार स्वरोजगार एवं रोजगार पंजीयन पोर्टल की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान उर्दू स्कुल धार 13 छात्र-छात्राओं एवं प्राचार्य किला परिसर विद्यालय में 48 छात्रों की केरियर काउंसलिंग की गई। इस प्रकार कुल 61 छात्र-छात्राओं की केरियर काउंसलिंग हुई।

## जनजातीय कार्य मंत्रालय के 'आदि कर्मयोगी अभियान' अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यशाला



**धार .भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत तीन दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का उद्देश्य जनजातीय समुदाय में शासन की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुँचाना है।कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि शासन की अनेक योजनाओं में यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे जनजातीय समुदाय को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने प्रशिक्षकों से सजगता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने का आह्वान किया।**

तीन दिवसीय इस कार्यशाला में राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर विभिन्न विषयों पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। जिले के अलग-अलग विकासखंडों से आए प्रतिभागियों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से करने का मार्गदर्शन दिया जा रहा है।तीन दिवसीय कार्यशाला 23 अगस्त को समापन सत्र के साथ सम्पन्न होगी, जिसमें विभिन्न विषयों पर विशेष चर्चाएँ और प्रशिक्षण सार प्रस्तुत किया जाएगा।

एक नजर

धार जिले के मनावर तहसील के ग्राम टेमरिया का मामला

# खेत में बिछाए खुले बिजली के तार से दो सियारों की मौत, किसान फरार

**धार. धार जिले के मनावर तहसील के ग्राम टेमरिया में मंगलवार रात खेत के चारों ओर बिछाए गए खुले बिजली के तारों के करंट की चपेट में आने से दो सियारों की मौत हो गई। घटना के बाद वन विभाग ने खेत मालिक के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर लिया है।**





वन मंडल अधिकारी विजयानंदम टीआर ने बताया कि वन परिक्षेत्र टाण्डा की सबरेंज जीराबाद अंतर्गत ग्राम टेमरिया में बिजली विभाग के पावरग्रिड के सामने स्थित मक्का की फसल वाले खेत में वन्यजीव मृत पाए गए। वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और जाँच में पता चला कि खेत में बिछाए गए खुले बिजली के तार के कारण यह हादसा हुआ। मृत पाए गए सियारों में एक मादा की उम्र 2 से 3 वर्ष और दूसरी मादा की उम्र 3 से 4 वर्ष आंकी गई।

आसपास के क्षेत्र में बिजली के तार दिखाई नहीं दिए, लेकिन ग्रामीणों से पूछताछ में यह स्पष्ट हुआ कि टेमरिया निवासी बापू पिता मडिया ने अपनी फसल की सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर विद्युत वायर बिछाया था। यही तार करंट से जु?कर वन्यजीवों की मौत का कारण बने।

घटना की जानकारी पर खण्डलाई (मनावर) से पशु चिकित्सक को मौके पर बुलाकर मृत सियारों का पोस्टमार्टम कराया गया। रिपोर्ट के बाद दोनों मृत वन्यजीवों का दाह संस्कार वन विभाग की टीम की मौजूदगी में किया गया।

वन विभाग की टीम जब पूछताछ के लिए खेत मालिक बापू मडिया के घर पहुँची तो घर पर ताला लगा मिला और वह परिवार सहित फरार पाया गया। घटना के संबंध में उसके विरुद्ध वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर आगे की जाँच शुरू कर दी गई है।

वन विभाग अधिकारियों ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच प्रचलित है और आरोपी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए ग्रामीणों को भी जागरूक करने पर बल दिया जा रहा है।